संजय मिश्रा हत्याकांड में शामिल महिला आरोपी गिरफ्तार

फॉलोअप

कटरा, संवाददाता। भाजपा पन्ना प्रमुख संजय मिश्रा हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। रविवार को पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

नवीन मॉर्डन पुलिस थाना क्षेत्र परसुराम नगर बाजार में सात जून को चुनावी रंजिश में हुई संजय मिश्रा की हत्या के मामले में फरार आरोपियों की धरपकड़ जारी है। पुलिस ने दो दिन पहले संजय मिश्रा हत्याकांड के मुख्य आरोपी घनश्याम वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं रविवार को पुलिस ने हत्याकांड में शामिल महिला आरोपी छोटका पत्नी घनश्याम को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस हत्याकांड के तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। नवीन मॉर्डन पुलिस थाना प्रभारी गणनाथ प्रसाद के अनुसार महिला आरोपी छोटका बाहर भागने की फिराक में थी।